**By Post/Email/Portal**

From

Director General Higher Education, Haryana,
Shiksha Sadan, Sector-5, Panchkula.

To

1. The Registrars of All State & Private Universities in the State of Haryana
2. The Principals of Govt. Colleges in the State of Haryana
3. The Principals of Govt. Aided Colleges in the State of Haryana.
4. The Principals of Self Financed Colleges in the State of Haryana.

Memo No. 9/12-2024 Co.(3)
Dated Panchkula, the 21/8/24.

**Subject:-** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस (**National Space Day**) महोत्सव के प्रचार प्रसार हेतू प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों एवं प्रदेश के छात्र/छात्राओं को जागरूक करने के सम्बन्ध में।

********

Kindly refer to the subject cited above.

I have been directed to forward a copy of letter No. ISW/NSD/501/2024 dated 26.07.2024 received from Affiliation Regulatory Officer, India Space Week, New Delhi for your further necessary action, please.

**DA:As above**

Superintendent Co-ordination
for Director General Higher Education,
Haryana, Panchkula

CC:- In-Charge IT Cell to upload on the web portal.

# भारत अंतरिक्ष सप्ताह

बी ए/14 बी जनकपुरी,
नई दिल्ली–110058, भारत
दूरभाष: 011–35809475
ई–मेल: info@indiaspaceweek.org
वेबसाइट: www.indiaspaceweek.org

# India Space Week

BA / 14 B Janakpuri,
New Delhi -110058, India
Telephone: 011-35809475
E-mail: info@indiaspaceweek.org
Website: www.indiaspaceweek.org


पत्रांक: आई०एस०डब्लू०/ एन०एस०डी /501/2024 दिनांक – 26.07.2024

प्रेषक,

संबद्धता नियामक प्राधिकारी
इंडिया स्पेस वीक,
नई दिल्ली।

सेवा में

कुलसचिव, रजिस्ट्रार, प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त केंद्रीय विश्वविद्यालय, राज्य विश्वविद्यालय, मानित विश्वविद्यालय,
राज्य निजी विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, कॉलेज, विद्यालय, संस्थान
समस्त राज्य – भारत।

विषयः राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस **(NATIONAL SPACE DAY)** महोत्सव के प्रचार प्रसार हेतु प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा विद्यालय,कॉलेज,महाविद्यालय, विश्वविद्यालय एवं प्रदेश के छात्र/छात्राओं/को जागरूक करने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपयुक्त विषयक भारत अंतरिक्ष सप्ताह के पत्र आई०एस०डब्लू०/एन०एस०डी /501/2024 दिनांक 26.07.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त के संबंध में आपको अवगत कराना है कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 26 अगस्त 2023 को बेंगलुरु मे भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो मुख्यालय की अपनी यात्रा के दौरान चंद्रयान 3 की चंद्रमा पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग के उपलक्ष में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस घोषित किया गया है और इसी परिप्रेक्ष्य में भारत अन्तरिक्ष सप्ताह द्वारा प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस (NATIONAL SPACE DAY) 23 अगस्त 2024 को एक महोत्सव के रूप में आयोजित किया जा रहा है।

दिनांक 22 जुलाई 2024 को इसरो के अध्यक्ष **(Chairman of ISRO)** डॉ. एस. सोमनाथ द्वारा भारतवर्ष के सभी नागरिकों को नई दिल्ली और अन्य प्रदेशों में होने वाले राष्ट्रव्यापी समारोहों में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

23 अगस्त 2024 पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस (NATIONAL SPACE DAY) को राष्ट्रीय महोत्सव के रूप में मनाने हेतु वेबसाइट https://www.nationalspaceday.space के माध्यम से पंजीकरण करके छात्र, शिक्षक एवं प्रदेश के सभी नागरिक भारत अन्तरिक्ष सप्ताह के निम्नलिखित आयोजनों में भाग लेने के लिए आमंत्रित हैं:–

1. **शपथ ग्रहण :** 23 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस **(NATIONAL SPACE DAY)** में भाग लेने एवं भारत के जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने की शपथ लेकर राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने का संकल्प लें और प्रतिबद्धता का प्रमाण पत्र प्राप्त करें।

2. **ऑनलाइन वोटिंग :** देश के सभी नागरिक माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को भारतीय "अंतरिक्ष क्रांति के जनक" के रूप में देखने के लिए अधिक से अधिक संख्या में वेबसाइट https://www.nationalspaceday.space के माध्यम से ऑनलाइन वोट का बटन क्लिक करके व उनके लिए शुभ सन्देश लिख कर अपना समर्थन कर सकते हैं।

भारत अंतरिक्ष सप्ताह
बी ए/14 बी जनकपुरी,
नई दिल्ली–110058, भारत
दूरभाष: 011–35809475
ई–मेल: info@indiaspaceweek.org
वेबसाइट: www.indiaspaceweek.org

India Space Week
BA / 14 B Janakpuri,
New Delhi -110058, India
Telephone: 011-35809475
E-mail: info@indiaspaceweek.org
Website: www.indiaspaceweek.org

3. खगोल फोटोग्राफी : सभी नागरिकों को स्मार्टफोन खगोल फोटोग्राफी कार्यशाला में भाग लेकर चन्द्रमा या अन्य किसी भी अंतरिक्ष विज्ञान गतिविधि का फ़ोटो खींचकर 23 अगस्त 2024 के रात्रि तक पूर्ण कर लिया जाना होगा। और ऑनलाइन माध्यम से दिनांक 28.08.2024 को मुख्यालय की वेबसाइट https://www.nationalspaceday.space पर अपलोड किया जायेगा। दिनांक 18.10.2024 को मुख्यालय पर गठित समिति द्वारा परिशीलन किया जायेगा। एवं प्रतिष्ठित जुरी सर्वश्रेष्ठ एस्ट्रोफोटोग्राफी करने वाले नागरिकों को प्रथम पुरस्कार की धनराशि 5000/–द्वितीय पुरस्कार की धनराशि 3000/–एवं तृतीय पुरस्कार की धनराशि 2000/–से पुरस्कृत करेगी।

आपसे अनुरोध है कि उक्त जानकारी को देखते हुए हमारे प्रयास को सार्थक बनाने हेतु राष्ट्रीय अतरिक्ष दिवस (NATIONAL SPACE DAY) को अपने शिक्षण संस्थानों मे क्रियान्वय कराने का कष्ट करे जिससे भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान के उत्थान व प्रचार प्रसार में प्रदेश के सभी छात्र/छात्रएं अपना योगदान दे सके।

नोट:
विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।
प्रतियोगिता में पंजीकृत सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिये जायेंगे।

किसी भी अन्य जानकारी के लिए कार्यालय के इन टेलीफोन नंबर/दूरभाष संख्या 011–35809475, 9454394963, 7290071471, 7042880241 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

संबद्धता नियामक प्राधिकारी आई० एस० डब्लू० कार्यालय
डायरी संख्या / Diary No. 500
दिनांक / Date 25-07-2024
हस्ताक्षर / Signature
Office of Affiliation Regulatory Authority, ISW

भवदीय

सम्बद्धता नियामक प्राधिकारी,
इंडिया स्पेस वीक,
नई दिल्ली

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ हेतु।
1 – राष्टपति सचिवालय,राष्टपति भवन, नई दिल्ली।
2 – प्रधानमंत्री कार्यालय साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली–110011 ।

भवदीय

सम्बद्धता नियामक प्राधिकारी,
इंडिया स्पेस वीक,
नई दिल्ली